# शहर से लगे स्कूलों में आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की तैनाती

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश के स्कूलों में हाल ही में हुए शिक्षकों के तबादलों ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई दूरस्थ ग्रामीण स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई है, जहां सभी शिक्षकों का तबादला कर दिए जाने के कारण वे पूरी तरह से खाली हो गए हैं। इसके विपरीत, शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में, जहां पहले से ही पर्याप्त या अधिक शिक्षक तैनात हैं, वहां और अधिक शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है।




सूत्रों के अनुसार, यह अव्यवस्थित स्थिति तब उत्पन्न हुई जब तबादला प्रक्रिया के दौरान जिला स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ भोपाल स्थित लोक शिक्षण संचालनालय ने भी अनियमितता बरती। तबादला पोर्टल में जानबूझकर तकनीकी खामियां छोड़ी गईं, जिससे श्अतिशेष प्रक्रियाश् को विवादास्पद बना दिया गया और उसे रोक दिया गया। परिणामस्वरूप, पोर्टल में गलत जानकारी दर्ज कर कुछ चहेते शिक्षकों को संरक्षण दिया गया और कुछ शहरी स्कूलों में, जहां शिक्षक पद रिक्त नहीं थे, वहां भी अतिरिक्त तबादले कर दिए गए।

शहर से लगे स्कूलों में शिक्षकों की असंतुलित तैनाती के उदाहरण साफ नजर आते हैं। कन्या हाईस्कूल पुरवा में पहले से एक विज्ञान शिक्षक पदस्थ थे, इसके बावजूद वहां दो और विज्ञान शिक्षकों की तैनाती कर दी गई। शासकीय रानी अवंतीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में हिन्दी (वर्ग-2) के दो स्वीकृत पदों के विरुद्ध चार शिक्षक पदस्थ कर दिए गए हैं।

कैमिस्ट्री विषय के लिए स्वीकृत एक पद पर दो शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि सामाजिक विज्ञान में दो स्वीकृत पदों के बावजूद तीन शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है।इस प्रकार इस विद्यालय में कुल चार शिक्षकों की आवश्यकता से अधिक पदस्थापना कर दी गई है, जो विभागीय लापरवाही को उजागर करती है।

विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि जब किसी विषय के सभी पद पहले से भरे हुए हैं, तब और शिक्षकों की पदस्थापना करना उन पदों को श्अतिशेषश् की श्रेणी में ला देता है। ऐसी स्थिति में, जो नए शिक्षक आए हैं, उनकी पदस्थापना किसी अन्य आवश्यकता वाले विद्यालय में की जानी चाहिए।

यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह पूरे तबादला प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए और जहां-जहां शिक्षकों की कमी है, वहां यथाशीघ्र पुनः तैनाती सुनिश्चित करे। इससे न केवल विभाग की साख कायम रहेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकेगा

# जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि बांटी

## जिला योजना भवन में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह

**मंडला, देशबन्धु।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 12वी के मेधावी छात्र छात्राओं को जिला योजना भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, एसपी श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लैपटॉप राशि के चैक वितरित किए। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी वीसी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। विदित है कि जिले में कक्षा बारहवी में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 1141 विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लेपटॉप क्रय करने के लिए यह राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भोपाल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसका लाईव प्रसारण जिला योजना भवन में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों द्वारा देखा व सुना गया।




वीसी के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों, शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इस अभिनव पहल की शुरूआत की गई है। मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान आज किया जा रहा है। मंडला जिले के एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लेपटॉप राशि वितरित की जा रही है। इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन को भी बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों की लगन एवं मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासन के बदौलत यह उपलब्धि हासिल हुई है इसे इसी तरह बरकरार रखा जाए।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, किताबें, साईकिल प्रदान की जा रही है। साथ ही स्कूटी योजना एवं सुपर 100 योजना के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। कक्षा बारहवी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आज लेपटॉप प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि इसका उपयोग सकारात्मक सोच के साथ अपने कैरियर को बेहतर बनाने के लिए करें। नगरपालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, जयदत्त झा, संदीप सिंगौर ने भी संबोधित कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने किया विद्यालयों में अवकाश घोषित

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में भारी वर्षा की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को होने वाली परेशानियों, जोखिम एवं छात्रहित में 5 जुलाई शनिवार को समस्त शासकीय एवं अशासकीय (मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं सीबीएससी बोर्ड) शैक्षिक संस्थाओं के लिए सामान्य अवकाश घोषित किया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो पाए। अवकाश के कारण बाधित शैक्षिक पाठ्यक्रम की पूर्ति अन्य कार्यदिवसों में अतिरिक्त कालखंड लगाकर की जाएगी।

### जिले में अब तक 481.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले में एक जून से 4 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 481.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 4 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 99.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील मंडला में 67.2 मिमी, नैनपुर में 129.8 मिमी, बिछिया में 154.6 मिमी, निवास में 26.4 मिमी, घुघरी में 81.1 मिमी एवं नारायणगंज में 138.8 मिमी वर्षा आंकी गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जुलाई तक तहसील मंडला में 605.8 मिमी, नैनपुर में 582.8 मिमी, बिछिया में 463.9 मिमी, निवास में 369.3 मिमी, घुघरी में 381.7 मिमी एवं नारायणगंज में 490.1 मिमी वर्षा आंकी गई है।

इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 241.9 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 371 मिमी, नैनपुर में 271.6 मिमी, बिछिया में 276.9 मिमी, निवास में 142.1 मिमी, घुघरी में 160.9 मिमी एवं नारायणगंज में 235.1 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

### ग्राम पंचायत मवई के सरपंच पद के उपचुनाव की प्रक्रिया स्थगित

**मंडला, देशबन्धु।** मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा रिट पिटिशन नंबर 24675 ऑफ 2025 में पारित आदेश 2 जुलाई 2025 द्वारा कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर न्यायालय में विचाराधीन याचिकाकार श्री हीरालाल धुर्वे की अपील के निराकरण तक अधिसूचना 26 जून 2025 को निष्प्रभावी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में ग्राम पंचायत मवई के सरपंच पद के उपचुनाव की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित किया गया है।

### नगर परिषद उपचुनाव की मतगणना स्थल का निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** बिछिया भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा एवं एसपी श्री रजत सकलेचा ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बिछिया में मतगणना की तैयारियों का अवलोकन किया। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आगामी 10 जुलाई को नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव की मतगणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा। मतगणना कक्ष की तैयारियों के साथ-साथ स्ट्रांगरूम की व्यवस्थाओं का अधिकारी द्वय ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, तहसीलदार बिछिया शंकरलाल मरावी उपस्थित रहे।

### बिछिया के वार्ड उपचुनाव के पोलिंग बूथ का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा ने बिछिया नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 में आगामी 7 जुलाई को होने वाले उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सरारटोला के प्राथमिक शाला भवन में बनाये गये पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ पर मतदान के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे टेंट, पेयजल, बिजली, रैम्प आदि प्रदान की जाए। विदित है कि बिछिया नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 में 7 जुलाई को मतदान होगा जबकि मतगणना 10 जुलाई को की जाएगी।

# लगातार बारिश से छोटा पुल डूबा, रपटा घाट में उमड़ी भीड़

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। बीते दो दिनों से हो रही वर्षा के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

छोटा पुल पानी में डूब गया है, जिसको देखने लोगों की भीड उमड पडी है रपटाघाट में जाम की स्थिति निर्मित इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिले के कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य शहर से कट गया है। प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग सुझाए जा रहे हैं, लेकिन फिलहाल राहत कार्यों में कठिनाई आ रही है। जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लगातार निगरानी की जा रही है। आपदा प्रबंधन दल को अलर्ट मोड पर रखा गया है तथा निचले इलाकों में बसे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

रपटा घाट पर उमड़ी भारी भीड़, जहाँ नदी का बाढ़ का दृश्य देखने के लिए लोग जुट रहे हैं। प्रशासन ने भीड़ एकत्र न होने की अपील की है, क्योंकि पानी का बहाव तेज है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटे तक और बारिश की चेतावनी जारी की है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।



## संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती




मंडला, देशबन्धु। पिछले दो दिनों से मंडला जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते अधिकांश नदियाँ एवं नाले उफान पर हैं तथा पुल के ऊपर पानी हैं। जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसी स्थिति में मंडला पुलिस पूरी सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। जिले के बाढ़ संभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल को एसडीआरएफ के साथ तैनात किया गया है। नदी-नालों एवं पुल-पुलियों के निकट सतर्कता बढ़ा दी गई है तथा अतिरिक्त पुलिस जवानों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। मंडला पुलिस ग्राउंड स्तर पर लगातार भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है। मंडला पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे किसी भी स्थिति में उफनते हुए नदी-नालों या ऐसे पुलों को पार न करें जिन पर पानी बह रहा हो। यह जानलेवा साबित हो सकता है। जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडला पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, सुरक्षित रहें एवं प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।



## मंडला-जबलपुर मार्ग पर खतरा

**मंडला, देशबन्धु।** मण्डला-जबलपुर की ओर यात्रा कर रहे या वहाँ से लौट रहे यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी दी जा रही है कि जबलपुर मार्ग पर कई स्थानों पर चट्टानें और पत्थर गिरे हुए पाए गए हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। शारदा मंदिर के समीप जाम की स्थिति बनी हुई है। बारिश के कारण रास्ते फिसलन भरे हो सकते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा सावधानीपूर्वक और सूझबूझ से करें। संभव हो तो यात्रा को स्थगित करें या वैकल्पिक मार्ग का चयन करें। प्रशासन द्वारा मार्ग साफ कराने का प्रयास जारी है, लेकिन अभी स्थिति सामान्य नहीं हुई है।

## मरारटोला में फंसे 5 व्यक्तियों का किया रेस्क्यू

**मंडला, देशबन्धु।** शुक्रवार को एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव द्वारा जनपद पंचायत बिछिया के मरारटोला में भारी बारिश के कारण 5 लोगों के फंसे होने की सूचना एसडीआरएफ की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल एसडीआरएफ की टीम व पुलिस बल आपदा उपकरण के साथ यहां पहुंची। संयुक्त टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए घर की छत पर फंसे 5 व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाला गया। टीम ने बताया कि विगत रात्रि से लगातार हो रही बारिश के कारण जल स्तर अत्यधिक बढ़ गया, सुबह चारों तरफ अधिक पानी होने के कारण ये लोग बाहर नहीं आ सके और घर की छत पर बैठे रहे। एसडीआरएफ की टीम ने मोटर बोट से उक्त स्थल पहुंचकर इन लोगों को सकुशल बाहर निकाला।

रेस्क्यू किए गए लोगों में बरातीलाल भवरे, सिया बाई भवरे, बिस्सो बाई भवरे, चाँदनी एवं रंजना शामिल है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट सुबह से ही जल भराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। रेस्क्यू टीम में प्रभारी हेमराज परस्ते, राहुल नंदा, हितेश वाजपेयी, गिरानी रजक, जितेन्द्र ठाकुर एवं आकाश ठाकुर शामिल थे।

## थांवर जलाशय के जलद्वार खोलने की सूचना

**मंडला।** आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 में थांवर बांध वृहद सिंचाई परियोजना जिला मण्डला का जल स्तर 481.10 मीटर (जीवित जल भराव क्षमता 123.53 मि.घ.मी.) तक भरा जाना है। जलाशय का जल भराव 30 जुलाई तक 78 प्रतिशत, 10 अगस्त तक 83 प्रतिशत, 30 अगस्त तक 91 प्रतिशत, 15 सितम्बर तक 97 प्रतिशत तथा 30 सितम्बर तक 100 प्रतिशत रखा जाना निर्धारित किया गया है। 4 जुलाई 2025 को जलाशय का जल स्तर 477.02 मीटर है। अति वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जलाशय में पानी की आवक अधिक होने के कारण जल



भराव दर्शित अवधि के पूर्व अधिक होता है तो वर्षाकाल में जलाशय का अतिरिक्त पानी को निकालने के लिए जल द्वार किसी भी समय खोले जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में थांवर नदी का जल स्तर भी अचानक बढ़ सकता है। थांवर जलाशय के ऊपरी तथा निचले सतह पर रहने वाले नैनपुर विकासखण्ड के ग्राम बीजेगांव, पोटिया बिनौरी, चरी, टिकरिया, केवलारी, सुक्रम, चरगांव, बरबसपुर, कुरला छींदा, झुलपुर खमरिया, कछारी, देवरी, पडरिया डोभी, कन्हरगांव, खिरसारू, भरवेली, धर्राची, पिण्डरई, नैनपुर और सिवनी जिले के ग्राम कमाची, खारी, छींदा, सरई, तेंदुआ के समस्त ग्रामवासियों को तथ विशेष रूप से ग्राम पंचायत पिण्डरई एवं नगर पालिका नैनपुर को थांवर नदी के समीप निवासरत निवासियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी अस्थायी एवं चल सम्पत्ति को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दें ताकि किसी प्रकार की जन, धन की हानि से बचा जा सके।

# कलेक्टर ने माहिष्मति घाट पहुंचकर बढ़ते हुए जल स्तर का लिया जायजा

## निचली बस्ती एवं इलाकों में एहतियात बरतने की अपील की

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले में विगत रात्रि से लगातार वर्षा का दौर जारी है मौसम विभाग के पूर्वानुमान द्वारा जिले में शनिवार को भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश के चलते कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने माहिष्मती घाट पहुँचकर बढ़ते हुए जल स्तर का जायजा लिया। इनके द्वारा जारी वीडियो संदेश में उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि नदी, नालों, पुलिया, रिपटों में अधिक जल स्तर होने पर इन्हें पार करने की गलती कतई न करें। इस दौरान आवागमन करने से बचें। बाढ़



संभावित एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में स्थानीय कोटवार, राजस्व एवं पुलिस विभागी की टीम तैनात है, जो लगातार भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए है। आमजन से अपील है कि किसी भी स्थिति में ऐसे नदी, नालों और पुलों को पार न करें, यह घातक साबित हो सकता है। जिले के डेम से पानी छोड़े जाने की सूचना भी पूर्व से प्रदान की जाएगी। ऐसी स्थिति में जलभराव वाले क्षेत्रों एवं निचली बस्तियों में एहतियात जरूर बरतें। जिला प्रशासन पूरी तैयारी के साथ आपदा एवं बचाव कार्य में जुटा है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने मीडिया से चर्चा करते हुए अपने वीडियो संदेश में कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में कोटवार, होमगार्ड एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही पुल, पुलिया के ऊपर से पानी बहने पर आवागमन को बंद करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके लिए इन रास्तों पर बेरीकेटिंग, बांस-बल्ली आदि के माध्यम से आवागमन रोका जा रहा है। सहायता के लिए पुलिस कंट्रोल रूम मंडला 07642-250613, 7587617102 पर संपर्क किया जा सकता है।